Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 08-09-2022 | अंक 338

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### वज्रपात से महिला झुलसी, इलाज के उपरांत दी गई छुट्टी

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी सुनील प्रसाद की पत्नी रीता देवी उम्र 35 वर्ष सुबह हुई वज्रपात से गंभीर रूप से झुलस गई। आस पास के ग्रामीणों के द्वारा एंबुलेंस के सहायता से महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से इलाज के उपरांत छुट्टी दे दी गई। भुक्तभोगी सुनील प्रसाद मजदूरी कर अपना जीवनयापन करता है जिसने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास एवं क्षतिपूर्ति का मांग किया है।

### सर्पदंश से बालक की मौत

प्रखंड के बनासो पंचायत अंतर्गत गोबरबेसुआ गांव में बुधवार की रात सर्पदंश से नौ वर्षीय संजय बेसरा पिता तालो बेसरा की मौत हो गई। बताया जाता है कि बालक अपने सहोदर भाई के साथ जमीन पर सोया हुआ था। रात लगभग नौ बजे गेहूंवन सांप ने सोते हुए बालक के हाथ में डंस लिया। उसके चीखने-चिल्लाने पर परिजन जागे और सांप को देखकर मार दिए। इधर, जानकारी के अभाव में परिजन उसे अस्पताल नहीं लाकर घरेलू नुस्खे से ठीक करने की कोशिश में जुटे रहे। थोड़ी देर बाद बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद परिजन गुरूवार की सुबह बच्चे को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।

APEM LIVE

# सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतरना रहेगी प्राथमिकता : उमाशंकर अकेला

## 20 सूत्री अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों को कांग्रेसियों ने किया सम्मानित, विधायक व जिलाध्यक्ष हुए शामिल



20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा को सम्मानित करते हुए



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक अकेला

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के नव मनोनीत अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों के सम्मान के लिए गुरुवार को कांग्रेसियों ने प्रखंड मुख्यालय के सभागार में स्वागत समारोह का आयोजन किया । जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह, सचिव शशिभूषण, जिला. उपाध्यक्ष डo निजामुद्दीन अंसारी, झामुमो नेता विनोद विश्वकर्मा, जिलामहासाचिव विनोद यादव एवं जिलामहामंत्री अब्दुल मनान वारसी शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं बरही के नव मनोनीत 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा समिति के सदस्य रघुवीर यादव, मीना देवी, रंजीत पांडेय, अब्दुल इम्तियाज एवं विवेक विश्वकर्मा को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की इस समिति के द्वारा गरीबी हटाओ, जनशक्ति, किसान मित्र, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास, शुद्ध पेयजल, जन जन का स्वास्थ्य, सबके लिए शिक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति अल्पसंख्यक के विकास योजनाओं का क्रियान्वयन आदि कार्य शामिल है। साथ ही उन्होंने बीस सूत्री समिति के सदस्यों से निष्ठा वा इमानदारी पूर्वक काम करने की बात कही। 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने कहा की सरकार जिस आशा और उम्मीद से हमे चुना है, हम सब उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और सरकार की जो भी योजनाएं होंगी उसे धरातल पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह, विधायक उमाशंकर अकेला, झामुमो नेता विनोद विश्वकर्मा, जिलाउपाध्यक्ष डo निजामुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, वरिष्ठ नेता तोखन रविदास, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बीस सूत्री सदस्य मीना देवी, रघुवीर यादव, मो इम्तियाज, विवेक विश्वकर्मा, रंजीत पांडेय, सुनील चंद्रवंशी, सिकंदर राणा, यास्मीन तबस्सुम, मीडिया प्रभारी तौकीर रजा, मो ताजुद्दीन, मो वारिस, यमुना यादव, रवि सिंह, रघु गोप, कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, रिजवान अली, मो सरताज, मो गुलजार, गुलाम सरवर, मो जियाउद्दीन, कयूम अंसारी, सुनील साव,प्रमोद सिंह, मो सेराज, मो तैयब, मो गयुर, मनोज रविदास, जीतू ठाकुर सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# बीडीओ एवं डीएस ने करियातपुर उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, जल्द शुरू करने पर जोर

## जल्द शुरु होगा उप स्वास्थ्य केंद्र, मिलेगी सुविधाएं : बीडीओ

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते बीडीओ व डीएस

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में नव निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र का बीडीओ सी आर इंदवार एवं बरही अनुमंडलीय असपताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी गुरुवार को निरीक्षण किया। जहां उन्होंने देखा की भवन निर्माण में जो कुछ कमी था । उसे पूरा कर लिया गया है। वहीं बीडीओ ने कहा की मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इस उपस्वास्थ्य केंद्र को खुलने से दर्जनों गांव के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा । साथ में उन्होंने कहा की क्षेत्र के लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधा दिलाने का भरपूर प्रयास कर रहे है। अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया की बहुत जल्दी इस उप स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी उपकरण की व्यवस्था की जाएगी। ताकि आस पास के ग्रामीणों को इलाज करवाने के लिए कहीं दूसरे जगह नहीं जाना पड़े और आसानी से इसका लाभ मिल सके। हालांकि इस पर भी सवाल उठा कि पुराना उप स्वास्थ्य केंद्र को बाउंड्री से बहार क्यों रखा गया है। केंद्र की उक्त जमीन को क्यों छोड़ा गया। बीडीओ ने कहा कि इसकी जांच की जाएगी।

APEM LIVE

# ओबीसी आरक्षण को लेकर समाहरणालय के बाहर कृष्णा यादव के नेतृत्व में किया गया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन






धरना प्रदर्शन में शामिल कृष्णा यादव वा अन्य

**अपेम लाइव : कोडरमा**

बरही विधानसभा के युवा नेता कृष्णा यादव के नेतृत्व में ओबीसी आरक्षण को लेकर गुरुवार को कोडरमा समाहरणालय के बाहर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा की बिहार से झारखंड को अलग हुए लगभग 22 साल साल पूरा होने वाला है लेकिन आज भी झारखंड में ओबीसी को 14ः आरक्षण ही मिल रही है, जबकि ओबीसी आरक्षण जनसंख्या झारखंड के साथ - साथ पूरे देश मे सबसे अधिक है। साथ ही उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन ने 2019 में चुनाव के दौरान उन्होंने वादा किया था उसमे एक की ओबीसी की आरक्षण को बढ़ा कर 27ः की जाएगी लेकिन सरकार बने दो वर्ष हो चुके है लेकिन अभी तक इस मामले के तरफ सरकार ने अपना ध्यान तक नही दिया। दिशोम गुरु शिबू शोरेन समाजिक न्याय के योद्धा रहे है लेकिन हेमंत सोरेन आरक्षण को बढ़ाने के बजाय खुद की सरकार बचाने में रांची से रायपुर और रायपुर से रांची कर रहे है। पत्थलडीहा मुखिया सदानंद यादव ने कहा की की सारे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति होती लेकिन नेता सिर्फ वोट मांगने आते है । तुषार अवि राज ने कहा की मंडल कमिसन के अनुसार ओबीसी को 27ः आरक्षण दिया जाना चाहिए लेकिन तत्कालीन सरकार सिर्फ ओबीसी को ठगने की काम कर रही है । राष्ट्रीय यादव सेना युवा प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा की झारखंड में 27ः आरक्षण जब तक नही होगा तब तक ऐसे ही आंदोलन जारी रहेगा। नुतेश यादव ने कहा कि ओबीसी के अधिकारों का ही हनन होती है और हमे अधिकारों से वंचित रखा जाता है। यादव सेना के जिलाध्यक्ष रोहित यादव ने कहा की कांशीराम के सामाजिक न्याय को स्थापित करते हुए जनसंख्या के अनुपात आरक्षण होनी चाहिए लेकिन तत्कालीन मांग को देखते हुए 27 ः भी हो जाए तो बहुत है । सुभाष यादव ने कहा की झारखंड ओबीसी समाज की 55ः आबादी है जिसका एक भी वोट अगला चुनाव में झामुमो और उसकी गठबंधन में नही जाएगा । हर्षित यादव ने कहा अभी तक किसी ने आंदोलन नही किया इसके लिए लेकिन जब तक 27ः ओबीसी आरक्षण मिल नही जाता तब तक हम नही रुकेंगे। धरना प्रदर्शन में सदानंद यादव, कृष्णा यादव, रोहित यादव, सुभाष यादव, नुतेश यादव, दिनकर यादव, बीरेंद्र कराटे, तुषार अवि राज, हर्षित यादव, संजय यादव, जागेश्वर यादव, शंकर पासवान, रंजीत कुमार यादव, पंकज मोदी, अनिल कुमार, दीपक सोनी, विकाश दास, आशीष यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## आपसी रंजिश में दो युवक बुरी तरह घायल , आरोपी परिवार के साथ हुआ फरार

### पुलिस के सहयोग से घायलों का इलाज कराया गया



घायल युवक



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागाँव प्रखण्ड के ग्राम हरली में बिजली सब स्टेशन के बगल हरली नदी किनारे पलामू से आकर ललमटिया में बसे घुमंतू मुसहर जाति के लोगों के बीच आपस में लड़ाई हो गई । जिसमें 2 लोग भाला के वार से घायल हो गए जिसमें 16 वर्षीय एवं 22 वर्षीय युवक शामिल है एवं 6 माह का बच्चे को उठाकर पटक दिया गया । सभी घायलों को हजारीबाग सदर ह०स्पिटल भेज दिया गया । घटना को लेकर गंगादोहर निवासी भाजपा नेता नंदकिशोर मेहता ने बताया कि घटना बुधवार रात्रि लगभग 10 बजे की है। लड़ाई इतनी भयानक थी कि बिरहोरों ने एक दूसरे पर बलम से वार कर दिए, जिससे एक के पैर में तीन बलम लगा जोकि निकल नही रहा था,वही दूसरा भी जख्मी हो गया । लडाई में एक आरोपी ने छः महीने के बच्चे को भी उठाकर पटक दिया ओर वहां से भाग गया। हालात को देखते हुए नंदकिशोर ने घायलो को इलाज के लिए एम्बुलेंस को फ़ोन किया परन्तु एम्बुलेंस नही पहुंची तत्पश्चात तुरन्त बड़कागाँव थाना प्रभारी विनोद तिर्की को फोन किया तो थाना प्रभारी ने अपने दलबल को भेज कर घायलो को अस्पताल पहुंचाया ओर उन्हें इलाज करवाया। मौके पर मुख्य रूप से सहयोग करने वालों में से बादल कुमार ,नवीन कुमार ,रंजीत मेहता, कृष्णा मेहता ,सुदामा कुमार, ललकु मेहता,छोटी कुमार,मिथलेश महतो आदि लोग उपस्थित थे।


## मनसा पूजा को ले भव्य कलश यात्रा शामिल हुए विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झुरझुरी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित माँ मनसा पूजा उत्सव प्रारंभ हो चुका है। इसी निमित्त भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रखण्ड प्रमुख रेणु देवी, मुखिया सुमन कुमार पंसस मंजू देवी ने संयुक्त रूप से सभी पीले वस्त्रों में सजी धजी देवी स्वरूपा बालिकाओं व माताओं के माथे पर कलश रख कर जल आचमन के लिए विदा किए। तत्पश्चात उतर वाहिनी नदी से अपने अपने जलपात्रो मे जल भर कर पुनःनगर भ्रमण करते हुए मनसा पूजा स्थल पहुंचे। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि पूजा यज्ञ के आयोजन से माहौल में सकारात्मक ऊर्जा आती है। लोगों के मन के विचारधारा को बदलती है और हमारा ध्यान भी पूजा पाठ के कार्यक्रम की ओर आकर्षित होता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ लोगों को तामसी भोजन से दूर रखती है। इस तरह के कार्यक्रम होने से समाज में परिवर्तन आता है और लोगों का विचार शुद्ध रहता है। अतिथियों ने माँ मनसा देवी से प्रार्थना कर क्षेत्रवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं सबकी मनोक. ामना पूरी करने की काम मौके पर प्रखंड़ प्रमुख रेणु देवी, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार, राजकुमार नायक, पंसस मंजू कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी, भीम प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, लालमोहन प्रसाद, शम्भू यादव, राजकुमार चौधरी, राजेश प्रसाद, सोबरन प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, सहदेव प्रसाद, देवा प्रसाद, रामेश्वर महतो, छोटी प्रसाद, गोलू प्रसाद, लक्ष्मण राणा, छोटी राणा, अरुण प्रसाद समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु व कलशयात्री उपस्थित थे।

## चौपारण पुलिस ने अवैध पशु लदा दो कटेनर व 407 किया जप्त, 5 तस्कर भी गिरफ्तार






**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : जीटी रोड अवैध4 तस्करी का मुख्य जरिया है। आए दिन अवैध कार्य में लिप्त तस्करों की गिरफ्तारी होती रहती है। गुरुवार की सुबह लगभग रात्रि 2:00 बजे पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के गुप्त सूचना के आधार पर चौपारण पुलिस ने 407 वाहन संख्या जेएच 02 बीएच 0295, कंटेनर वाहन संख्या यूपी 21सी 4719 ,कंटेनर सं यूपी 83 ए टी 3315 को जप्त किया और पांच तस्करों की भी गिरफ्तारी हुई। इस सं. बंध में चौपारण थाना प्रभारी शम्भू नन्द ईश्वर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय हजारीबाग से मिली सूचना के आधार पर बिहार से चौपारण होते हुए अवैध रूप से गौवंशीय पशु को क्रुरता पुर्वक क्षमता से अधिक लोड कर वध करने की नियत से पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था उसको पकड़ा गया। उक्त आलोक में पुलिस अधीक्षक महोदय हजारीबाग द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कि गई । जिसमें पुलिस निरिक्षक बरही अंचल जगलाल मुंडा एवं थाना प्रभारी चौपारण शम्भू नन्द ईश्वर साथ चौपारण थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं बल शामिल थे। गठित टीम द्वारा विगत कुछ दिनों से इस संबंध में लागातार आसूचना संकलन कर पशु तस्करों के विरुध अभियान चलाया जा रही था, इसी क्रम में बुधवार की रात्रि गुप्त सूचना मिली कि मो. हनियाँ बिहार से कन्टेनर एवं 407 वाहन में अवैध गौवंशीय पशु को ले जाने वाली है। इस संबंध में चोरदाहा चेकपोस्ट पर बिहार कि ओर से आने वाली सभी वाहनो की गहन जाँच पड़ताल शुरू किया गया । रात्री के समय करीब 02.00 बजे दो कन्टेनर वाहन पर लदे गौवंशीय पशु को अवैध रूप से तस्करों के द्वारा क्रूरता पुर्वक ले जाया जा रहा था तथा एक 407 वाहन से उक्त दोनो वाहनों का स्कोर्ट किया जा रहा था। एक अवैध पशु लदा कन्टेनर चोरदाहा चेकपोस्ट से भागने लगा जिसे पुलिस वाहन से पिछा कर पिपरा गाँव से तथा एक कन्टेनर एवं 407 वाहन को चोरदाहा चेकपोस्ट के आगे इंडियन अ०यल पेट्रोल पम्प के सामने जीटी रोड़ पर पकड़ा। दोनो वाहन में कुल 55 मवेशी जिसमें 12 बैल एवं 43 गाय क्रूरता पूर्वक लदा हुआ था। इस संबंध में चौपारण थाना काण्ड संख्या 274/22 धारा धारा 414/34 एवं 3/4//5/12/13 झारखण्ड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिशेध अधिनियम 2005 एवं 11(1) (D) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 दर्ज किया गया। काण्ड में जप्त वाहनों पर लदे पशु को मयूरहंड गौशाला में सुरक्षार्थ रखा गया । तथा उक्त काण्ड में गिरफ्तार कुल 05 अभियुक्तो को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। शेष इस अवैध कारोबार में संलिप्त पशु तस्करों के विरुध गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। इनकी हुई गिरफ्तारी मो उमर उम्र 38 वर्ष पिता मो इनामुल ग्राम अंसार नगर चतरा, चालक मो एकरार उर्फ मुन्ना उम्र 35 वर्ष पिता स्व इसरार खान ग्राम हेमजापुर थाना आमस जिला गया, मो कैफ कुरैशी उम्र 20 वर्ष पिता मो रौशन कुरैशी ग्राम बेलौडी थाना मोहनियाँ जिला कैमुर भभुआ, मो शारिक कुरैसी उम्र 21 वर्ष पिता मो मनान कुरैशी ग्राम बेलोडी थाना मोहनियाँ जिला कैमुर भभुआ , मो अनवर कुरैशी उम्र 38 वर्ष पिता सदरु कुरैशी बेलोडी थाना मोहनियाँ जिला कैमुर भभुआ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## फोन पर हाथी की खबर ले रहे व्यक्ति के सामने पहुंचा हाथी भागकर जान बचाई, पालतू कुत्ते ने हाथी को भगाया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागाँव प्रखंड अंतर्गत चंदौल पंचायत के ग्राम पूँदौल निवासी अवधेश सिंह अपने आवास के क्लिनिक पर इलाज कर रहे थे। इसी बीच गाँव में बहुत सोर गुल हों रहा था और बिजली भी नहीं थी। इसी क्रम में अवधेश बाहर निकल कर फ़ोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर रहे थे की बाहर शोरगुल क्यों हों रहा तभी अचानक उनके सामने एक हाथी दौड़ते हुए आ गया। इस दौरान अवधेश सिंह ने दौड़ कर घर की ओर भागे इसी बीच उनका कुत्ता ये देख कर चौन को तोड़ कर हाथी से भिड़ गया ओर अवधेश सिंह की जान बचाई ।इसी क्रोम में अवधेश सिंह का बाइक को हाथी ने छतिग्रस्त कर दिया।

## रेन्बो स्कूल में मनाया गया विश्व साक्षरता दिवस, कार्यशाला आयोजित

### शिक्षा के बिना लोगों की जिंदगी है अधूरी : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गदलाही में संचालित रेन्बो स्कूल में विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों व शिक्षको के बीच कार्यशाला का आयोजन किया गया। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने विश्व साक्षरता दिवस मनाया पर सभी छात्राओं को विश्व साक्षरता दिवस के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विश्व के सभी देशों में समाज के हर वर्ग तक शिक्षा के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से विश्व साक्षरता दिवस हर साल 8 सितम्बर मनाया जाता है। कहा कि शिक्षा के बिना लोगों की जिंदगी अधूरी है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रत्येक दिन विद्यालय आने की बात कही। उन्होंने बताया कि पहला अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस साल 1966 में मनाया गया था। साक्षरता शब्द साक्षर से आया है, जिसका अर्थ होता है, पढ़ने और लिखने में सक्षम। बताया की पहली बार यूनेस्को ने 7 नवम्बर 1965 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने का फैसला लिया। इसके लिए एक दिन निर्धारित किया गया। जिसके बाद हर साल 8 सितम्बर को विश्व साक्षरता दिवस को मनाया जाने लगा। राष्ट्र और मानव विकास के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए उनके अधिकारों के बारे में जानना महत्वपूर्ण हैं। इसी ज्ञान के लिए शिक्षा दी जाती है। लोगों को शिक्षा की ओर प्रेरित करने के लक्ष्य के तहत साक्षरता दिवस मनाया जाता है। जिसमें विश्व के सभी लोग शिक्षा और साक्षरता की दर को बढ़ाने के लिए इस दिन को खास. तौर पर मनाते हैं। कार्यशाला में बच्चो में आयुष कुशवाहा, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, धीरज कुमार, निशी कुमारी, सिंधु प्रजापति, खुशबू कुमारी, विकास कुमार, कृ ष्णा कुमार, सुमित कुमार, सोनू कुमार, सोनम कुमारी, रानी कुमारी, काजल कुमारी, अविनाश कुमार, बब्लू कुमार, संदीप कुमार, नीरज कुमार, सुलेखा कुमारी, भावना कुमारी, साक्षी कुमारी, पूजा कुमारी, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे। शिक्षको में पंचम पांडेय, गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, उषा कुमारी, सुधा कुमारी, पूजा दुबे, रिंकी कुमारी, स्वेता केशरी, खुशबू कुमारी, प्रीति कुमारी, रौशनी कुमारी, सरिता कुमारी, रिफ्फत प्रवीण आदि उपस्थित रहें।

अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

# सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बन्दरकुप्पी की बैठक की गई

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




गिरिडीह : सदर प्रखंड के पालमो पंचायत अन्तर्गत बन्दरकुप्पी में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक की गई ।जिसमें पालमो पंचायत पालमो के मुखिया प्रतिनिधि श्री सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता में की गई ।जिसमें पूजा की तैयारी तथा मेले का आयोजन किस प्रकार हो।पंडाल लाइट और जागरण के बारे में भी चर्चा हुई।लगभग 3 साल से मेले का आयोजन कोरोना के देखकर नही किया गया।पूजा संबधी बाते हुई।तथा कमिटी को पुर्नगठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से आचार्य के रूप में धर्मेद्र शास्त्री,सहयोगी में नरेश पांडेय अध्यक्ष पप्पू यादव,उपाध्यक्ष अरविंद कुमार,प्रमोद कुमार,आकाश कुमार,सचिव संजय यादव,सह सचिव जितेंद्र सिंह,मिथुन रॉय, कोषाध्यक्ष प्रदीप साव,सलाहाकर किशोरी गुप्ता,जयदेव साव सदस्य सचिन कुमार,विकास कुमार,रंजीत साव,आनंद मंडल, आकाश गुप्ता, प्रेमजीत,के रूप में नियुक्त हुआ।

# प्रखण्ड के विभिन्न कर्मा स्थलों का किया भ्रमण ,उप-प्रमुख बचनदेव कुमार, डाला धारियों को किया सम्मानित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागाँव प्रखंड़ युवा उप-प्रमुख बचनदेव कुमार ने अपने सहयोगियों के साथ विभिन्न कर्मा अखरा का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान क्षेत्र में कर्मा त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए कमिटी के पदाधिकारियों से आग्रह भी किया। पूजा स्थलों पर नन्हें बच्चियों को सहयोग करते हुए डालाधारी युवतियों को पुरस्कृत भी किया। उप प्रमुख बचनदेव कुमार ने कहा कि कर्मा पर्व भाई-बहन के अटुट प्रेम को दर्शाता है। इसके अलावा यह प्रकृति का भी प्रतीक है। इस पर्व में बहने अपने भाईयों के सुख-समृद्धि और लम्बी उम्र की कामना करती है। उन्होंने पुजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर प्रखंड प्रशासन का आभार प्रकट किया।

# विष्णुगढ़ में कन्नौजिया सोनार महापरिवार द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन

## समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी एवं गणमान्य हुए सम्मानित

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




कन्नौजिया सोनार महापरिवार के सम्मान समारोह में शामिल लोग

राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार द्वारा गुरूवार को बासंती दुर्गा भंडार परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि, वयोवृद्ध एवं गणमान्य लोगों को श0ल, बुके एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद बर्मन व संचालन अशोक बर्मन ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार समाज के उत्थान के लिए सदैव प्रयत्नशील है। समाज के वंचित, शोषित, निर्धन व असहायों के लिए महापरिवार के लोग सेवाभाव से जुटे हैं। टीम द्वारा निःशुल्क जांच व दवा वितरण शिविर के अलावा प्रत्येक वर्ष सामूहिक विवाह के माध्यम से भी वर-वधू जोड़ों का विवाह भी भव्य तरीके से कराया जाता है। कहा कि इस वर्ष हमारे समाज से कई लोगों ने पंचायत चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बेहतर मुकाम हासिल किया है। समाज के कई लोग विभिन्न मीडिया संस्थानों में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा कई लोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य श्रेणी में हैं। इससे पूरा समाज गौरवा. न्वित होता है। सम्मानित होने वाले में चेड़रा पंचायत उपमुखिया रीना बर्मन, विष्णुगढ़ उपमुखिया अनुराग बर्मन, वार्ड सदस्य बेबी देवी, पूनम देवी, सुजीत कुमार अचलजामो के अलावा मीडियाकर्मी मिथिलेश कुमार बर्मन, अनुराग बर्मन, सुनील बर्मन आदि शामिल हैं। मौके पर चमन प्रसाद स्वर्णकार, प्रखंड अध्यक्ष अशोक बर्मन, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, गणपति स्वर्णकार, नरसिंह सोनी, राजेन्द्र स्वर्णकार, मंटू सोनी, पुहुपलाल सोनी, रामकुमार प्रसाद, रंजीत स्वर्णकार, लखन बर्मन समेत कई लोग मौजूद थे।

# एम्बिशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मिला प्रथम पुरस्कार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विजेता प्रतिभागी

प्रखंड के चानो एवं बनासो पंचायत के अंतर्गत ग्राम तेलानियादाह नावाटांड गोबरवसुवा के बीच पिरिंजीया टांड में पर्यावरण वन रक्षा समिति बनासो एवं चानों के द्वारा 14 वी वर्षगांठ बड़े ध. ूमधाम से मनाई गई। इस पर्यावरण मेले में सांस्कृ तिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ो विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों के द्वारा संथाली नृत्य, नागपुरी नृत्य और नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसे देख वहां के दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और उनके भी पैर थिरकने लगे उन लोगों ने इस कार्यक्रम की खूब सराहना की। इस प्रतियोगिता में एम्बिशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को नुक्कड़ नाटक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए विष्णुगढ के पूर्वी जिला परिषद माननीय सरयू पटेल द्वारा प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं द्वितीय पुरस्कार सिद्धू- कान्हू ग्रुप के द्वारा पर्यावरण और नशा मुक्ति संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने के लिए दिया गया। वही लोक नृत्य में प्रथम पुरस्कार लमकी टाड़ ग्रुप को संथाली नृत्य प्रस्तुत करने के लिए दिया गया। और द्वितीय पुरस्कार रीमा मरांडी को नागपुरी नृत्य के लिए दिया गया। इस कार्यक्रम में मंजू देवी द्वारा लगभग 250 पेड़ ग्रामीणों को बांटने के लिए उपलब्ध करवाए गए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ प्रखंड अध्यक्ष समिति बनासो एवं चानों के उपाध्यक्ष सुरेश राम के द्वारा किया गया। मंच संच. ालन रमेश टुडू के द्वारा किया गया। इस पर्यावरण वन रक्षा मेले में बनासो एवं चानो के अध्यक्ष महादेव मुर्मू , सचिव रमेश टुडू उपाध्यक्ष सुरेश राम, वार्ड सदस्य चौतलाल टूडू, एम्बिशन पब्लिक स्कूल के संचालक विवेक कुमार, थानेश्वर महतो, चेतन महतो, लालजी मुर्मू, लखन टुडू, शिबु सोरेन, राजु सोरेन, बुधन टुडू, महेश किस्कू, बाबुचन्द किस्कू, रामचंद्र राम, बब्लू टुडू, दासो मुर्मू, सोमर महतो, डेगलाल महतो, जगरनाथ सिंह, कौशल्या देवी, कमली देवी, चंदवा देवी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# 10 को जदयू में शामिल होंगे राजेन्द्र मंडल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



राजेन्द्र मंडल

वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी राजेन्द्र मंडल अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जनता दल यू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इसे लेकर गुरूवार को बैठक की गई। बतौर मुख्य अतिथि दुष्यंत पटेल शामिल हुए। कहा गया कि आगामी 10 सितंबर को विष्णुगढ़ के होटल में मिलन समारोह का आयोजन होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद खीरू महतो पहुंचेंगे और राजेन्द्र मंडल और उनके समर्थकों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराएंगे। मौके पर अनिल कसेरा, नीलकंठ तुरी, युसुफ अंसारी, लालचंद महतो, चमन स्वर्णकार, खागो महतो, सुरेश साव, मो मोबीन अंसारी, तुलेश्वर महतो, मीना देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

# अखंड हरी कीर्तन में शामिल हुए समाजसेवी मो कयूम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के गुड़ियो गांव के देवी मंडप में अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमे उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, समाजसेवी मो कयूम शामिल हुए। मो कयूम ने कहा की अखंड हरी कीर्तन से मन शुद्ध हो जाता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की हरी कीर्तन के आयोजन से लोगो को सुख, शांति, समृद्धि, बारिश तथा भक्तो के मन के शांति के साथ घरों में खुशहाली के लिए को जा रही है। अखंड कीर्तन में पूर्व मुखिया दशरथ यादव, विक्की कुमार, सुनील कुमार यादव, प्रमेश यादव, कार्तिक पासवान, सोना पंडित, शंकर यादव, सोमर सिंह, उपेंद्र यादव, सीताराम यादव, मेघलाल सिंह एवं कैलाश यादव शामिल थे।

# विद्यालय में चोरों ने किया हाथ साफ

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के चेडरा स्थित आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर विद्यालय के प्राचार्य दफ्तर तथा साइंस लैब में वेटिंलेटर के सहारे घुसे। लैब में रखे माइक्रोस्कोप, खेल सामग्री के अलावा अन्य कई सामानों पर हाथ साफ कर दिया। प्राचार्य दफ्तर में सीसीटीवी के पावर सप्लाई डिवाइस को खोलकर कक्षाओं में लगे लगभग आठ सीसीटीवी कैमरे ले उड़े। सुबह जब शिक्षकणगण विद्यालय पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला। विद्यालय प्रबंधन ने चोरी की सूचना स्थानीय थाना को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार